आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 03.08.2025

समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में 187 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।
- मुख्यमंत्री ने देहरादून में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से राज्य में पर्यटन के विस्तार से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।
- कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने पौड़ी गढ़वाल के घीड़ी गांव में "स्वर्गीय मेजर डोभाल स्मृति पार्क" की आधारशिला रखी। कहा– यह स्मृति पार्क समूचे उत्तराखंड और भारतवर्ष का गौरव बनेगा।
- राजधानी देहरादून में झमाझम बारिश। बागेश्वर और नैनीताल जिलों में मूसलाधार बारिश का ऑरेंज अलर्ट।

## नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में 187 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। जिसमें सिंचाई विभाग के विभिन्न पदों पर चयनित 144 अभ्यर्थियों और उत्तराखंड परिवहन निगम में मृतक आश्रित कोटे के अंतर्गत 43 पात्र आश्रितों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

उत्तराखंड सरकार में नवनियुक्त कार्मिकों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने सभी से ईमानदारी, निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण के साथ कार्य करने की अपील की। राज्य में पूर्व की भर्तियों में पक्षपात, धांधली और भ्रष्टाचार का जिक्र करते हुए श्री धामी ने कहा कि युवाओं की समस्या को देखते हुए सरकार ने देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया। अब राज्य में भर्तियां पूरी पारदर्शिता और योग्यता के आधार पर सुनिश्चित की जा रही हैं, जिससे योग्य अभ्यर्थियों को उनके कौशल और मेहनत का पूरा लाभ मिल रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल के मंत्र का उल्लेख करते हुए श्री धामी ने राज्यवासियों से स्वदेशी और स्थानीय उत्पादों का उपयोग करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के प्रति हमारा संकल्प और भी मजबूत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के मंत्र को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से आज देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पर्यटन मंत्री से राज्य में पर्यटन के विस्तार से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

श्री महाराज ने केन्द्रीय मंत्री को बताया कि राज्य को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के अलावा पर्यटन के क्षेत्र में सरकार द्वारा कई योजनाएं और पहलें की गई हैं, जिनका उद्देश्य राज्य में पर्यटन को बढावा देना और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करना है।

इस बीच, केंद्रीय मंत्री देहरादून में आयोजित 'रक्षाबंधन समारोह' में शामिल हुए। समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक समृद्धि के लिए जल सखी योजना शुरू कर रही है। उन्होंने कहा कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के रखरखाव का कार्य भी आउटसोर्स के आधार पर महिलाओं को देने का कार्य शुरू कर रहे हैं।

## सीएम मुलाकात

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य की सभी पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाना नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का कर्तव्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य का विकास तभी होगा जब ग्रामीण क्षेत्रों का विकास होगा। इसके लिए मुख्यमंत्री ने सभी से उत्तराखंड राज्य को आगे ले जाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। रुद्रप्रयाग से आए जनप्रतिनिधियों से मुलाकात के दौरान श्री धामी ने ये बातें कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में मिली यह विजय निश्चित रूप से जनता के विश्वास का प्रमाण है, जो कल्याणकारी नीतियों और कार्यशैली में जनता के विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनावों के परिणाम के बाद से प्रदेश भर से विजयी हुए जनप्रतिनिधियों से मुलाकात हो रही है और बड़ी संख्या में उनका समर्थन प्राप्त हो रहा है।

## मेजर डोभाल स्मृति पार्क

कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने आज पौड़ी गढ़वाल के घीड़ी गांव में "स्वर्गीय मेजर डोभाल स्मृति पार्क" की आधारशिला रखी। यह पार्क देश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के पिता स्वर्गीय मेजर गुणानंद डोभाल की स्मृति को समर्पित किया गया है। इस अवसर पर डॉ रावत ने कहा कि यह स्मृति पार्क केवल एक हरित स्थल नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, बलिदान और प्रेरणा का जीवंत प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि यह वही भूमि है, जिसने देश को अजीत डोभाल जैसा राष्ट्ररक्षक दिया। उन्होंने यह भी कहा कि यह पार्क समूचे उत्तराखंड और भारतवर्ष का गौरव बनेगा। पार्क के निर्माण और संरक्षण की जिम्मेदारी 127 इन्फेंट्री बटालियन की इकोलॉजिकल टास्क फोर्स को सौंपी गयी है।

टास्क फोर्स के नेतृत्व में आज लगभग 2 हजार फलदार, औषधीय और सुगंधित पौध रोपे गये। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल प्रत्तुल थपलियाल ने कहा कि यह पार्क करीब 8 हेक्टेयर क्षेत्रफल में विकसित किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय जलवायु के अनुकूल पौधों के माध्यम से हरित सौंदर्य और जैव विविधता को संरक्षित किया जाएगा।

## आयुष मंत्रालय

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने आयुष मंत्रालय से परामर्श के बाद, आयुर्वेदिक आहार की एक सूची जारी की है। इससे खान–पान को लेकर भारत के सदियों पुराने ज्ञान को मुख्यधारा में लाने में मदद मिलेगी और उपभोक्ताओं तथा कारोबारियों– दोनों में विश्वास बढ़ेगा।

इस फैसले से आयुर्वेदिक आहार उत्पाद तैयार करने के लिए कारोबारियों को भरोसेमंद सामग्री भी मिल सकेगी। आयुष राज्यमंत्री प्रताप राव जाधव ने लोगों से दीर्घकालिक स्वास्थ्य लाभ के लिए अपने दैनिक जीवन में आयुर्वेद आहार को सम्मिलित करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद आहार

शरीर को पोषण देने के साथ–साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता, पाचन और समग्र स्वास्थ्य लाभ को भी बढ़ावा देते हैं। इस पहल से, खाद्य उद्योग जगत के लिए नियामक स्पष्टता बढ़ेगी और बेहतर स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद–आधारित पोषण को व्यापक स्वीकृति मिल सकेगी।

## मिशन नव चेतना

बच्चों के मानसिक विकास और उनमें आगे बढ़ने की भावना जागृत करने के उद्देश्य से अल्मोड़ा में ''मिशन नव चेतना'' पहल शुरू की गई है।

रानीखेत के संयुक्त मजिस्ट्रेट राहुल आनंद की अनूठी पहल के तहत, ताड़ीखेत के अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज के छात्र सागर आर्य को एक दिन के लिए सांकेतिक एसडीएम बनाया गया। सागर ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

श्री आनंद ने कहा कि वे ये सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि यह कार्यक्रम निरन्तर चलता रहे। उन्होंने कहा कि मिशन नव चेतना कार्यक्रम से प्रभावित होकर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भी इसे पूरे प्रदेश में लागू करने की घोषणा की है।

## मौसम

राजधानी देहरादून में पिछले 12 घंटों से रुकरुक कर हल्की से मध्यम बारिश जारी है। वहीं बागेश्वर के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बारिश हो रही है, जबकि निचले इलाकों में बादल छाए हुए हैं।

इस बीच, देहरादून स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले दो दिनों के लिए राज्य के कुछ स्थानों पर मूसलाधार बारिश का ऑरेंज अलर्ट और शेष जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। आज देहरादून, बागेश्वर और नैनीताल जिलों में भारी बारिश की संभावना है।

विभाग के अनुसार, 9 अगस्त तक राज्य के अधिकांश जिलों में बारिश के आसार बने हुए हैं। राज्य में रुक–रुक कर हो रही बारिश से नदी–नालों का जलस्तर भी बढ़ा हुआ है।

उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री हाईवे से लगा कुज्जन–तिहार ग्रामीण मोटर मार्ग पर मलबा आने से अवरुद्ध हो गया है। जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार जन सुरक्षा के मद्देनजर गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात को तीन अगस्त से पांच अगस्त तक चरणबद्ध तरीके से नियंत्रित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने सभी वाहन चालकों और श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय के अनुसार ही अपनी यात्रा की योजना बनाए।